E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
सं०सं०–03 / भू०अ०नि० (04) वि० सर्वे०– 09 / 2022 2371 दि० - 12/9/2022

प्रेषक,

**जय सिंह, भा०प्र०से०**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
किशनगंज, सहरसा एवं कटिहार
**बंदोबस्त पदाधिकारी,**
बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / शेखपुरा
अररिया / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / मधेपुरा / प० चम्पारण
/ जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल

पटना, दिनांक :–

विषय :– विशेष सर्वेक्षण कार्य में कम खेसरों वाले ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर खानापुरी प्रारूप अधिकार अभिलेख एवं अन्तिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन के सम्बन्ध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के स्तर पर विभिन्न जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्राप्त जिलों में विशेष सर्वेक्षण आच्छादित ग्रामों में खेसरों की संख्या के आधार पर वर्गीकृत कर की गई एवं प्रतिवेदन निम्नवत पाया गयाः–

**जिलावार खेसरा का विवरण एवं प्रगति**

| क्र० सं० | जिला | 100 से कम खेसरे (मौजा की संख्या) | 101 से 250 खेसरे (मौजा की संख्या | 251 से 500 खेसरे (मौजा की संख्या) | 501 से 1000 खेसरे (मौजा की संख्या) | 1001 से 2500 खेसरे (मौजा की संख्या) | 2501 से 5000 खेसरे (मौजा की संख्या) | 5001 से 10000 खेसरे (मौजा की संख्या) | 10001 से अधिक खेसरे (मौजा की संख्या) | दिनांक–31.08.2022 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित ग्रामों की संख्या | दिनांक–31.08.2022 तक अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 0 | 6 | 7 | 17 | 21 | 30 | 32 | 34 | 0 | 0 |
| 2 | अरवल | 8 | 5 | 13 | 42 | 121 | 82 | 38 | 8 | 1 | 0 |
| 3 | बांका | 15 | 11 | 17 | 47 | 87 | 60 | 32 | 38 | 18 | 0 |
| 4 | बेगूसराय | 129 | 34 | 28 | 24 | 79 | 73 | 48 | 19 | 76 | 45 |
| 5 | जमुई | 12 | 4 | 9 | 12 | 33 | 29 | 27 | 28 | 5 | 0 |
| 6 | जहानाबाद | 10 | 7 | 26 | 44 | 78 | 52 | 30 | 4 | 1 | 0 |
| 7 | कटिहार | 27 | 28 | 17 | 17 | 33 | 35 | 15 | 0 | 4 | 0 |
| 8 | खगड़िया | 3 | 10 | 4 | 18 | 57 | 43 | 26 | 3 | 0 | 0 |
| 9 | किशनगंज | 14 | 22 | 27 | 69 | 147 | 105 | 54 | 22 | 0 | 0 |
| 10 | लखीसराय | 40 | 29 | 33 | 59 | 98 | 95 | 45 | 13 | 32 | 18 |
| 11 | मधेपुरा | 12 | 18 | 12 | 11 | 17 | 14 | 10 | 21 | 10 | 0 |
| 12 | मुंगेर | 42 | 26 | 52 | 64 | 96 | 35 | 5 | 3 | 76 | 25 |
| 13 | नालंदा | 1 | 10 | 19 | 57 | 135 | 105 | 67 | 21 | 22 | 5 |
| 14 | पश्चिम चम्पारण | 2 | 4 | 12 | 33 | 102 | 67 | 45 | 19 | 23 | 2 |
| 15 | पूर्णियाँ | 9 | 15 | 14 | 8 | 7 | 5 | 11 | 3 | 9 | 1 |
| 16 | सहरसा | 7 | 1 | 3 | 7 | 30 | 40 | 26 | 13 | 0 | 0 |
| 17 | शेखपुरा | 19 | 17 | 15 | 32 | 96 | 73 | 42 | 20 | 65 | 42 |
| 18 | शिवहर | 2 | 0 | 4 | 10 | 32 | 24 | 7 | 2 | 1 | 0 |
| 19 | सीतामढ़ी | 6 | 6 | 4 | 27 | 89 | 83 | 31 | 8 | 2 | 0 |
| 20 | सुपौल | 4 | 11 | 10 | 12 | 33 | 65 | 69 | 50 | 11 | 2 |
| कुल | | **362** | **264** | **326** | **610** | **1391** | **1115** | **660** | **329** | **356** | **140** |

उक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि कुछ जिलों यथा मुंगेर, नालंदा, पश्चिम चम्पारण, पूर्णियाँ, शेखुपरा और सुपौल को छोड़कर शेष 14 जिलों में प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित ग्रामों की संख्या उस जिले में 100 खेसरों वाले कुल ग्रामों की संख्या से भी कम है। साथ ही यह भी स्पष्ट है कि सभी जिलों में 500 से कम खेसरों वाले ग्रामों की संख्या कुल 952 है, जबकि 31 अगस्त 2022 तक सभी जिलों द्वारा कुल मिलाकर 350 राजस्व ग्रामों का ही प्रारूप प्रकाशन किया गया है एवं 140 राजस्व ग्रामों में अन्तिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित किया गया है। स्पष्ट है कि 500 खेसरों से कम वाले ग्रामों के बारे में बन्दोबस्त कार्यालय स्तर से कोई योजनाबद्ध कार्य नहीं किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में तीन दिनों के अंदर स्पष्ट किया जाए कि किन कारणों से छोटे–छोटे ग्रामों में भी प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन नहीं किया जा सका है। क्या आपके स्तर से 500 खेसरों से कम वाले ग्रामों की सूची हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को उपलब्ध कराया गया है ? और किस पत्रांक एवं दिनांक से हस्तगत कराया गया है। साथ ही 500 एवं 1000 से कम खेसरे वाले सभी ग्रामों में अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र प्रकाशन किस तिथि तक कर दिया जाएगा। इस संबंध में कार्य–योजना तैयार कर उपलब्ध कराया जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 12/9/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0– 09/2022 2371 पटना, दिनांकः 12/9/2022

**प्रतिलिपिः–** अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णियाँ/सीतामढ़ी/सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0चम्पारण/जमुई/मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका/अरवल/शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक** 12/9/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0– 09/2022 2371 पटना, दिनांकः 12/9/2022

**प्रतिलिपि** :– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (IL&FS), GISC, IIC के प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं निदेश है कि पत्र में वर्णित "जिलावार खेसरा का विवरण" में प्रदर्शित कम खेसरे वाले राजस्व ग्रामों के प्रक्रमवार अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति प्रथामिकता के आधार पर की जाए। साथ ही 1000 से कम खेसरे वाले ग्रामों के सभी लंबित मानचित्रों की आपूर्ति एक सप्ताह के अंदर करना सुनिश्चित किया जाए।

**निदेशक** 12/9/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 2371 **पटना, दिनांक** 12/9/2022

**प्रतिलिपिः–** प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक निदेशक/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक** 12/9/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022 2371 **पटना, दिनांक** 12/9/2022

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक** 12/9/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–09/2022........2371........पटना, दिनांक 12/9/2022

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
12/9/22

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar_Aso\director\file no_09_2022_06.09.2022.doc